एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

सोमवार, 22 जून 2026, वर्ष 7,

PAGE NO : 05 MIDDLE

# कोमल निषाद में गायकों ने श्रोताओं को किया मुग्ध

कार्यालय संवाददाता, बरेली



'कोमल निषाद' गायन कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले गुरु और विद्यार्थी। • अमृत विचार

• एसआरएमएस रिद्धिमा में शास्त्रीय सुगम गीत गायन का आयोजन

अमृत विचारः एसआरएमएस रिद्धिमा में रविवार शाम 'कोमल निषाद' में गायन गुरुओं और उनके विद्यार्थियों ने शास्त्रीय राग और सुगम संगीत पर गीतों से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

इंस्ट्रूमेंटल गुरु सूर्यकांत चौधरी ने वायलिन, सुरेंद्र ने परकशन, अनुग्रह सिंह ने ड्रम, विशेष सिंह ने गिटार, ऋषभ आशीष पाठक ने पखावज, दीपकांत जौहरी,अमरनाथ ने तबला, डैरिक अमन जेम्स ने कीबोर्ड, सीमा ने सितार, गौरव शर्मा ने हारमोनियम और ओम सहाय ने सारंगी पर संगत की। तृषिका, गीतू अरोरा, अद्विका, सोनम गुआल, ज़ारा, श्रेया प्रभजोत, माही, अर्णव कनौजिया, अयांश, शौर्य, नीलम, अंशुमा अग्रवाल, काव्या और अग्रिम ने विश्व जन, ओ पालन हारे, दिल है छोटा सा जैसे गीतों और बंदिश खमाज का गायन किया। अतिशय गोयल ने मोरे डारो न रंग गिरधारी को आवाज दी। नूरजहां, मेहंदी हसन, गुलाम अली सहित अन्य गजल गायकों की गायी मोमिन खां मोमिन रचित गजल 'वो जो हम में तुम में करार था' को डा.वंदना दुगल गाकर रस घोल दिया। आन मिलो सजना के शीर्षक आन मिलो सजना को प्रियंका ग्वाल और सात्विक मिश्रा ने सुनाया। एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चेयरमैन देव मूर्ति , आशा मूर्ति , आदित्य मूर्ति , ऋचा मूर्ति , देविशा, गुरु मेहरोत्रा, डा.प्रभाकर गुप्ता, डा.अनुज कुमार, डा.शैलेश सक्सेना, डा.रीता शर्मा सहित शहर के अन्य लोग मौजूद रहे। संचालन अरुणा गंगवार ने किया।